# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

## स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में एम0एड0 (द्वि–वर्षीय) पाठ्यक्रम में सत्र 2019–21 में प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसिलिंग कार्यक्रम

| कम सं0 | दिनाँक | वर्ग | कुल प्राप्तांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 04.10.2019 | विक्लांग – सभी वर्ग | 89.75 से 31.00 तक | प्रात 10.00 बजे |
| 02. | 04.10.2019 | अन्य राज्य वर्ग | 89.75 से 31.00 तक | प्रातः 10.00 बजे |
| 03. | 04.10.2019 | सभी वर्ग | 89.75 से 72.00 तक | प्रातः 10.00 बजे |
| 04. | 05.10.2019 | सभी वर्ग | 71०75 से 31.00 तक | प्रातः 10.00 बजे |

ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिनका स्कोर उपरोक्त कार्यक्रमानुसार है, उक्त तिथि एवं समय को मेरिट स्कोर के आधार पर काउन्सलिंग हेतु **बृहस्पति भवन समागार, चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ** में एम.एड. पाठ्यक्रम में सीट आवंटन हेतु उपस्थित हों। समस्त वर्गो के अभ्यर्थी अपने साथ रू0 700/– का एक बैंक ड्राफ्ट (छवद त्मनिदकइसम ब्वनदेमसपदह थ्मम), एवं रू0 5000/– (पॉच हजार मात्र) का एक बैंक ड्राफ्ट (महाविद्यालय/संस्थान के शुल्क की आंशिक राशि) जो **वित्त अधिकारी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ** के नाम देय हो तथा निम्न प्रपत्रों को मूल रूप में एवं उनकी स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति का एक सैट लेकर निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हों।

- नवीनतम् पासपोर्ट साईज़ के 5 फोटोग्राफ,
- एम.एड. प्रवे I परीक्षा 2019–21 का अंकपत्र,
- एम0एड0 प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र,
- समस्त शैक्षणिक अभिलेख,
- जाति प्रमाण–पत्र (कम्प्यूटराईज्ड हो तथा अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण पत्र तीन वर्ष से अधिक पुराना न हो तथा उसमें क्रीमिलेयर का स्पश्ट उल्लेख हो),
- **विवाहित महिला अभ्यर्थियों का जाति प्रमाण पत्र, उनके पिता के नाम के साथ ही मान्य होगा।**
- मूल निवास प्रमाण पत्र (कम्प्यूटराईज्ड),
- विकलांगता का प्रमाण पत्र (जैसा कि ब्रोशर मे अंकित है एवं जो आप पर लागू हो)
- आय प्रमाण पत्र (कम्प्यूटराईज्ड) (केवल एस.सी./एस.टी. वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए), तथा
- **कुलसचिव, चौ. च.सि. वि.वि. मेरठ को सम्बोधित रू0 10 के स्टॉम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटेरी कराकर जिसमें निम्न बाते अंकित हों, सभी अभ्यर्थियों को साथ लेकर आना अनिवार्य है–**
  - ❖ *शैक्षणिक काल के दौरान यदि कोई समय अन्तराल है, तो उसका कारण।*
  - ❖ *वर्तमान में कहीं भी सेवारत न होने का। (सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान)*
  - ❖ *वर्तमान में किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण में सम्मिलित न होने **(जैसे विशिष्ट बी.टी.सी.,डी.एल.एड., बी0एल0एड0,** एवं अन्य **डिग्री/डिप्लोमा कोर्स आदि)***
  - ❖ *समान सत्र में अन्य किसी भी शैक्षणिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत न होने का।*

यदि कोई अभ्यर्थी उक्त तिथि समय एंव स्थान पर अनुपस्थित रहता है, तो उसका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा योग्यता सूची में से उससे नीचे की वरीयता क्रम वाले अभ्यर्थी को प्रवेश दे दिया जायेगा एवं भविष्य में अभ्यर्थी का उक्त तिथि की मेरिट सूचकांक का प्रवेश संबधी कोई अधिकार मान्य नही होगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व स्वंय अभ्यर्थी का ही होगा। अभ्यर्थी केवल Total Score के अनुसार निर्धारित तिथि को ही उपस्थित हो।

***काउंसलिंग के माध्यम से महाविद्यालय आवंटित होने के उपरान्त या महाविद्यालय में प्रवेश लेने के उपरान्त किसी भी दशा में कोई स्थानान्तरण नही किया जायेगा और न ही पुनः काउंसलिंग के द्वारा अन्य महाविद्यालय आवंटित किया जायेगा एवं न ही काउंसलिंग शुल्क एवं महाविद्यालय/संस्थान के शुल्क की आंशिक राशि किसी भी दशा में वापिस होगी।***

**सीटो का आवंटन अभ्यर्थियों की मेरिट** एवं **सीटो की उपलब्धता पर निर्भर करता है। उपरोक्त प्राप्तांकों की सीमा में आना सीट आवंटन** की गारंटी नही है।

**विशेष** : जिन **छात्र/छात्राओं ने एम0एड0 सत्र 2019–21 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दी थी तथा केवल** एम0एड0 **विश्वविद्यालय परिसर के** लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किया था लेकिन उनका प्रवेश विश्वविद्यालय परिसर में संचालित एम0एड0 पाठयकम में नही हुआ था, ऐसे छात्र/छात्रायें महाविद्यालयो/संस्थानों के एम0एड0 पाठयकम सत्र 2019–21 में यदि प्रवेश हेतु इच्छुक हो तो वे अभ्यर्थी उपरोक्त **काउन्सिलिंग में अपने प्रवेश सूचकांक के अनुसार निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हों।**

| | |
|---|---|
| चेयरमेन<br>एम0एड0 प्रवेश<br>सत्र 2019–21 | समन्वयक<br>एम0एड0 प्रवेश<br>सत्र 2019–21 |